# सनातन धर्म कॉलेज, होशियारपुर

## SANATAN DHARMA (S.D.) COLLEGE, HOSHIARPUR

Affiliated to Panjab University | Recognised UGC under section 2(f) 12 B+ NAAC Accredited


sdcollegehsp@gmail.com www.sdcollegehsp.net


अध्यक्षा



श्रीमती हेमा शर्मा

सचिव



श्री श्रीगोपाल शर्मा

कार्यकारी प्रिंसीपल



प्रो. प्रशांत सेठी

# सनातन प्रतिबिम्ब


जनवरी 2024 से जून 2024 तक

सम्पादक : प्रो केशव, प्रो करिश्मा


## कॉलेज परिसर में 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया गया।




हिंदी विभागाध्यक्षा प्रो. करिश्मा और भाषा एवं साहित्य क्लब, एन.एस.एस, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के इंचार्ज डॉ. गुरचरण सिंह के नेतृत्व में कालेज परिसर में 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता हिंदी एवं पंजाबी भाषा के प्रमुख साहित्यकार डॉ. धर्मपाल साहिल ने कहा कि हिंदी हमारे लिए न केवल संचार का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन का आधार भी है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता को सम्मानित किया गया और साथ ही उनके द्वारा लिखित उपन्यास डांडी का विमोचन भी किया गया।

## कॉलेज कैंपस में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।




कालेज कैंपस में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यकारी प्रिंसिपल प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों को भारत के महान समाज सुधारक, विचारक एवं दार्शनिक स्वामी विवेकानन्द के महान विचारों एवं आदर्शों से परिचित करवाया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाइव भाषण भी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया।

## कॉलेज में कैंपस रैली निकाली गई




कालेज परिसर में रेड रिबन क्लब की इंचार्ज प्रो. मोनिका कंवर के नेतृत्व में केंपस रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने 'विकसित युवा विकसित भारत' विषय पर और एच. आई.वी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए तैयार किए पोस्टरों के साथ कालेज कैंपस और आस-पास के इलाकों में रैली निकाली।

## कॉलेज में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन




कालेज परिसर में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और कार्यकारी प्रिंसिपल प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# कॉलेज में राष्ट्रीय वोटर दिवस मनाया गया




कालेज मे 'वोटर जागरूकता' विषय पर लेक्चर एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता बी.एल.ओ. श्री सरबजीत सिंह ने विद्यार्थियों को 'वोट का अधिकार एवं उपयोग' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वोटर जागरूकता के संबंधी शपथ भी दिलवाई गई।

# कैरियर काउंसलिंग पर सेमिनार आयोजित किया गया




कालेज परिसर मे करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज प्रो. मेघा दुआ के नेतृत्व में आई.डी.पी, होशियारपुर द्वारा कैरियर काउंसलिंग पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आई. डी. पी, होशियारपुर से अमनदीप (वरिष्ठ कार्यकारी रणनीतिक गठबंधन) ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके करियर की संभावनाओं के बारे में बताया।

# कॉलेज कैंपस में कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया।




कालेज कैंपस में कैंसर दिवस के अवसर पर सेहत विभाग की ओर से जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनीता कटारिया ने लोगों को बीमारियों के लक्षणों और बचाव के बारे में जानकारी दी।

# कॉलेज परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया गया




कालेज परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधन समिति के सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा, संयुक्त सचिव श्री तिलक राज शर्मा, कैशियर श्री प्रमोद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथियों द्वारा कालेज परिसर में ध्वजारोहण समारोह किया गया, जिसके तुरंत बाद राष्ट्रगान गाया गया।

# कॉलेज के विद्यार्थी ने प्राप्त किया स्टिल फोटोग्राफी में द्वितीय पुरस्कार




कालेज के विद्यार्थी नमन जैन ने सी.टी ग्रुप आफ इंस्टीटयूटस, शाहपुर कैंपस में रंगमंच 3.0 में आयोजित सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर स्टिल फोटोग्राफी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा, सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा ने प्राचार्य प्रशांत सेठी और प्रो. मेघा दुआ ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी को बधाई दी।

# स्टेम सेल जागरूकता एवं रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया




कालेज कैंपस में अर्जन वीर फाउंडेशन व ज़िला प्रशासन, होशियारपुर के सहयोग से स्टेम सेल जागरूकता एवं रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया गया। मुख्या अतिथि के तौर पर सहायक कमिश्नर दिव्या पी.(आई.ए.एस.), कन्वीनर स्टेम सेल डिपाजिटरी होशियारपुर नरेश गुप्ता एवं अर्जन वीर फाउंडेशन से जसलीन गरचा ने शिरकत की। कालेज के 160 विद्यार्थी एवं स्टाफ ने स्टेम सेल दान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई।

# नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय एफ.डी.पी. आयोजित




नई शिक्षा नीति: शिक्षकों और विद्यार्थियों के नजरिए से' विषय पर एक दिवसीय एफ.डी.पी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डी.ए.वी कालेज, जालंधर में रसायन विज्ञान विभाग से डॉ. मनप्रीत कौर ने नई शिक्षा नीति के उन बदलावों के बारे मे बताया, जिन्हें उच्च शिक्षा की सभी धाराओं में आगामी सत्र में लागू किया जाएगा। अंत मे अतिथि का सम्मान प्राचार्य प्रशांत सेठी द्वारा किया गया।

# कॉलेज परिसर में करियर काउंसलिंग पर सेमिनार आयोजित




कालेज कैंपस मे मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. राधिका रतन के नेतृत्व में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग पर सेमिनार आयोजित किया गया। कालेज के सभी विभागों के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में करियर विकल्पों से अवगत करवाया और साथ ही विद्यार्थियों को जीवन में आत्मविश्वासी और संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया।

# 'ग्राहकों को समझना: सफलता मंत्र' विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित





कालेज परिसर मे प्रबंधन विभाग की ओर से 'ग्राहकों को समझना: सफलता मंत्र' विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रजनीश आर्य स्कूल आफ मैनेजमेंट ए.पी.जे कालेज जालंधर के डीन थे, उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मार्केटिंग संबंधी कई रणनीतियों पर चर्चा की और विद्यार्थियों के साथ व्यवसाय से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदु सांझा किए।

# कॉलेज परिसर में प्लास्टिक को करें ना और स्वच्छता अभियान का आयोजन।




नगर निगम की टीम जिसमें श्रीमती मीना कुमारी, ज्योति कालिया और जसविंदर कौर शामिल थी, ने कालेज परिसर से प्लास्टिक की वस्तुएं एकत्रित की और उन्होंने यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कालेज की सराहना की। इसमें एन.एस.एस स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# कॉलेज मे आई.टी साक्षरता कार्यशाला लगाई गई




कंप्यूटर विभाग की अध्यक्षा प्रो. निशा अरोड़ा के नेतृत्व में 40 दिवसीय आई.टी साक्षरता कार्यशाला मे कालेज के सहयोगी स्टाफ को एम.एस वर्ड, एम.एस एक्सेल, एम.एस पावर प्वाइंट सहित कंप्यूटर के बारे में बुनियादी जानकारी दी गई। अंत मे कार्यकारी प्राचार्य प्रशांत सेठी ने कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला की सराहना की।

# कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया




भाषा मंच, भाषा एवं साहित्यिक क्लब के इंचार्ज डॉ. गुरचरण सिह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रमुख साहित्यकार मदन वीरा ने विद्यार्थियों के साथ इस दिन से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए मातृभाषा अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंत में मुख्य वक्ता को सम्मानित किया गया।

## विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के बारे में डॉक्यूमेंट्री दिखाकर जागरूक किया




एंटी रैगिंग कमेटी की प्रभारी प्रो .पूजा के नेतृत्व में कालेज के विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के बारे में डाक्यूमेंट्री दिखाकर जागरूक किया गया। कालेज प्राचार्य प्रो. प्रशात सेठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि हम कालेज प्रबंधन समिति के सहयोग से विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों को एक स्वस्थ और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

## 'सर्फेस आर्नमैंटेशन और डिजाइन तकनीक' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




कालेज कैंपस मे फैशन डिजाइनिंग विभागाध्यक्षा प्रो. नेहा की ओर से 'सर्फेस आर्नमैंटेशन और डिजाइन तकनीक' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को विभिन्न डिजाइनों और फैब्रिक पेंटिंग के साथ बुनियादी कढ़ाई, ब्लाक प्रिंटिंग, स्टेंसिल पेंटिंग, बुनाई, क्रोशिया पैटर्न, बीड वर्क और टाई एंड डाई तकनीक में प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कॉलेज में फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन





कालेज परिसर मे फूड क्राफ्ट इंस्टीटयूट के सहयोग से फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 21 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने अग्नि रहित पकवान बनाएं। प्रिंसिपल प्रशांत सेठी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और ऐसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक की भूमिका फूड क्राफ्ट इंस्टीटयूट के प्रिंसिपल डॉ .जगन्नाथ, अध्यक्ष अभिषेक पाठक और अध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन ने निभाई।

## कॉलेज में विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया गया




सामाजिक संवेदीकरण कमेटी की इंचार्ज सहायक प्रो. डिंपल के नेतृत्व में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने विद्यार्थियों को सामाजिक न्याय दिवस के बारे में बताते हुए सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जागरूक किया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर ऑनलाइन लेक्चर आयोजित




कालेज में बायोटेक्नोलाजी विभाग और विज्ञान एवं पर्यावरण क्लब की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आनलाइन लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र सिंह खिची (रिसर्च वैज्ञानिक, सैफ/सी.आई.एल विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़) और स्कूल आफ मेडिसिन, यू.सी.एल.ए, यू.एस.ए के कैंसर शोधकर्ता डा. प्रिंस ने विद्यार्थियों को जैव रासायनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने कार्यों को प्रस्तुत किया।

## कॉलेज प्रांगण में दो दिवसीय ब्लड टेस्टिंग और ब्लड ग्रुपिंग कैंप का आयोजन




कालेज प्रांगण मे भाई कन्हैया चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से महिला दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय ब्लड टेस्टिंग और ब्लड ग्रुप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में भाई कन्हैया चैरिटेबल ट्रस्ट के लैब तकनीशियन ने विद्यार्थियों और शिक्षक एवं गैर शिक्षक स्टाफ सदस्यों के कुल 113 सैंपल लिए। अंत में वूमेन सेल की इंचार्ज डॉक्टर मंजीत कौर ने आई हुई टीम का धन्यवाद किया।

## कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन




कालेज में ई.एस.जी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व थीम के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एस.डी कालेजिएट पंडित अमृत आनंद मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या डॉ. राधिका रतन ने विद्यार्थियों को दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया।

## कॉलेज में शहीद भगत सिंह की शहीदी दिवस के अवसर पर साइकिल रैली और संगोष्ठी आयोजित




कालेज में शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर साइकिल रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता सेनानी दिलीप सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के बाद विद्यार्थियों ने संगोष्ठी में भाग लिया। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. धर्मपाल साहिल ने इन तीनों शहीदों के जीवन, विचारधारा और शहादत पर विस्तार से चर्चा की।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक




कालेज के विद्यार्थे ओम सिल्ली ने इंटर यूनिवर्सिटी खेलों में माइनस 55 वर्ग में टीम कुमिते स्पर्धा में भाग लेकर स्वर्ण पदक, इंटर कालेज खेल में ओम सिल्ली ने रजत पदक और रजत ने कांस्य पदक जीता। ओम सिल्ली ने पंजाब यूनिवरसिटी चंडीगढ़ में आयोजित इंटर कालेज कराटे टूर्नामेंट में रजत पदक जीता। प्रबंधन समिति के सभी सदस्यो ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

## कॉलेज परिसर में प्लास्टिक फ्री अभियान का आयोजन।




कालेज परिसर मे बलबल सोसायटी के सहयोग से प्लास्टिक फ्री अभियान का आयोजन किया गया। कालेज परिसर से बलबल सोसायटी को ईंटें बनाने के लिए बेकार प्लास्टिक की वस्तुएं दी गई। बलबल सोसायटी के सदस्यों ने कालेज में ऐसा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सराहना की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सचिव श्री श्रीगोपाल शर्मा एवं उप सचिव श्री तिलक राज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## कॉलेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित




कालेज मे इतिहास और राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 'स्वतंत्रता संग्राम में शहीद भगत सिंह का योगदान' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका प्रो. करिश्मा, प्रो. खुशदीप और प्रो. अलीशा ने निभाई। प्राचार्य प्रशांत सेठी ने इन विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए और बधाई दी।

## कॉलेज में प्रेरणादायक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित।




अंग्रेजी विभाग की ओर से प्रेरणादायक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका डॉ. गुरचरण सिंह, प्रो विपन कुमार और प्रो. नेहा गिल ने निभाई। अंत में कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. प्रशांत सेठी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने O7 सर्विस शैक्षिक संस्थान का भ्रमण किया।




कालेज के बी.सी.ए के विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर विभागाध्यक्षा प्रो. निशा अरोड़ा के नेतृत्व में O7 सर्विस शैक्षिक संस्थान का भ्रमण किया। संस्था के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न साफ्टवेयर टूल्स जैसे मशीन लर्निंग, आर लैंग्वेज और पायथन लैंग्वेज का औद्योगिक प्रशिक्षण दिया।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया जी.एन.ए गियर्स और जी.एन.ए विश्वविद्यालय का भ्रमण




कालेज के बी. कॉम. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने कॉमर्स विभागाध्यक्षा डॉ. मंजीत कौर के नेतृत्व में जी.एन.ए गियर्स में प्लांट का दौरा किया और वहां जाकर विद्यार्थियों ने उत्पादन योजना और उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीखा। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जी.एन.ए विश्वविद्यालय का दौरा भी किया और कैरियर परामर्श सत्र में भाग लिया।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने एम/एस सेंचुरी प्लाईबोर्ड का भ्रमण किया।




कालेज के बी.बी.ए के विद्यार्थियों ने प्रबंधन विभागाध्यक्षा प्रो. ज्योति बाला के नेतृत्व में एम/एस सेंचुरी प्लाईबोर्ड का भ्रमण किया और वहां जाकर प्लाई और एम.डी.एफ बोर्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया सीखी और साथ ही प्लांट हेड सेवानिवृत्त विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित एयर कमोडोर बी.एस.सभरवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें व्यवसाय के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

## कॉलेज पत्रिका श्री पंचानन का विमोचन




कालेज में आयोजित जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कमिश्नर (आई.ए.एस) कोमल मित्तल ने कालेज की वार्षिक पत्रिका 'श्री पंचानन' का विमोचन किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधन पदाधिकारी, कालेज एवं स्कूल प्रिंसिपल एवं सम्पादक टीम मौजूद थी।

## कॉलेज में पेरैंट्स- टीचर्स मीटिंग आयोजित की गई




कालेज के पैरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन द्वारा सभी कक्षाओं के लिए परीक्षा कमेटी के सहयोग से पेरैंटस–टीचर मीटिंग आयोजित की गई। फीडबैक फार्म के माध्यम से माता–पिता से कालेज के विकास के लिए बहुमूल्य सुझाव लिए गए और साथ ही सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य की परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## कॉलेज परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।




विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कालेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों, फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी के साथ, परिसर में विभिन्न स्थानों पर कुल 10 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रशांत सेठी ने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित




अर्थशास्त्र विभाग और लोक प्रशासन विभाग की ओर से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजित की गई। कार्यवाहक प्राचार्य श्री प्रशांत सेठी द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और विद्यार्थियों को पंचायती राज के बारे में संबोधित किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक अच्छा अनुभव रहा।

## कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया




एन.एस.एस इकाई द्वारा 'जलवायु परिवर्तन के दौरान श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा' विषय के तहत कालेज कैंपस मे मजदूर दिवस मनाया गया। कालेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. प्रशांत सेठी ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कालेज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और साथ ही सहायक कर्मियों के बीमा फार्म भरवाए गए। कार्यक्रम के अंत में उन्हें उनके काम के लिए सम्मानित किया गया।

## कॉलेज परिसर में एलुमनी मीट करवाई गई




कालेज परिसर मे सहायक प्रो.मेघा दुआ के नेतृत्व में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित भांगड़ा डांसर प्रितपाल सिंह, सहायक नगर आयुक्त संदीप तिवारी उपस्थित हुए। इसके साथ ही विभिन्न बैचों के एलुमनी भी शामिल थे। अंत में कार्यवाहक प्राचार्य प्रशांत सेठी ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

## शॉर्ट टर्म कोर्स का समापन




कंप्यूटर विभागाध्यक्षा प्रो. निशा अरोड़ा और प्रो. पूजा के नेतृत्व में 'डेटा विज्ञान और पायथन' विषय पर अल्पावधि पाठ्यक्रम में बी.सी.ए के विद्यार्थियों ने भाग लिया और समय और तकनीक की मांग के अनुसार डेटा साइंस की आवश्यकता के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिससे विद्यार्थी अपने व्यावहारिक कौशल को बढ़ा सकें।

## 'साइबर अपराधियों से सावधान' विषय पर लेक्चर




मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. राधिका रतन की ओर से कालेज हॉल में 'साइबर अपराधियों से सावधान' विषय पर लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि होशियारपुर जिले के सब इंस्पेक्टर सुभाष भगत ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधियों की श्रेणियों और साइबर खतरों से बचाव के बारे में बताया और साथ ही साइबर ठगी होने पर 1930 हेल्पलाइन नंबर पर काल करके शिकायत दर्ज करवाने की भी जानकारी दी।

## कॉलेज में वेंडिंग मशीन का उद्घाटन




कालेज मे कॉमन गर्ल्स रूम में प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती हेमा शर्मा ने सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का उद्घाटन किया और साथ ही छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का उपयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

## कॉलेज में एन.एस.एस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा पौधे लगाए गए




कालेज कैंपस मे एन.एस.एस कार्यक्रम कोआर्डीनेटर पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ और डॉ. सोनिया शर्मा, सहायक प्रोफेसर केमिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से कालेज परिसर में पर्यावरण में बढ़ते तापमान को रोकने के लिए पौधे लगाए गए। इस अवसर पर दोनों अतिथियों को कालेज स्वर्ण जयंती मैगज़ीन स्मारिका एवं स्वर्ण जयंती स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## कॉलेज प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्मिकम्पोस्ट कार्यशाला एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रशांत सेठी ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी लगन से निभाएं। इसके साथ ही पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए पौधे लगाए गए ताकि बढ़ते तापमान से धरती को बचाया जा सके। इस गतिविनि में 55 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया




कालेज परिसर मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं और समाज के लिए योग' विषय के अंतर्गत मनाया गया। योग आचार्य श्री मदन मोहन और उनके सहयोगी श्री कुलदीप जी ने योग के संबंध में लेक्चर दिया और विभिन्न योग मुद्राओं के माध्यम से योग अभ्यास करवाया। कार्यक्रम के अंत में कैशियर श्री प्रमोद शर्मा ने अतिथियों को पौधे देकर सम्मानित करते हुए सभी का धन्यवाद किया तथा योग को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
श्री सनातन धर्म कॉलेज होशियारपुर